दिनांक 06.03.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम भिलाई क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

भिलाईनगर/ नारी शक्ति वदंन के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भिलाई निगम क्षेत्र में 6 स्थानों पर किया गया। जिनमें जनप्रतिनिधि , महिला समूह एवं आम नागरिकगण उपस्थित रहे।

भिलाई जोन-2 के शकुन्तला विद्यालय आडिटोरियम में विधायक रिकेश सेन ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। इसी प्रकार सुपेला शिव मंदिर कांजी हाउस , अम्बेडकर भवन केम्प क्षेत्र , सामुदायिक भवन खुर्सीपार, गणेश मंच सेक्टर-2 एवं गुंडिचा मंच सेक्टर-10 में भिलाई जिला भा.ज.पा. अध्यक्ष महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा , पार्षद स्मिता दोडके, विधायक प्रतिनिधि शैलेश सिंह , पार्षद विनोद सिंह, श्याम सुन्दर राव , ईश्वरी नेताम, मनीष पाण्डेय, तुलसी साहू, अमित मिश्रा, विजय जायसवाल, आर.बी.सिंह, विजय शुक्ला , सरला आर्चाय , गीता विश्वकर्मा , जयशंकर चौधरी , श्रीनिवास राव, बसंत प्रधान की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पूर्व छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में तथा भिलाई में विधायक रिकेश सेन ने सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इतिहास है कि नारी शक्ति का कार्यक्रम देश के 19 हजार स्थानो में एक साथ आयोजित किया गया है। महिलाओं का सम्मान हमारे देश में आदिकाल से होता रहा है हम परम्परा को हम पोषित कर रहे है।

कार्यक्रम में महिला समूह के सदस्य , नागरिकगण, जनप्रतिनिधि तथा निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।